Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 06-07-2022 अंक 276

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## गौरियाकरमा धोबियाटांड़ से वन विभाग ने दो आरा मशीन किया जब्त, प्रथिमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही के गौरियाकरमा स्थित धोबियाटांड़ से वन विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए दो अवैध आरा मशीन जब्त किया गया है। छापेमारी रेंजर कमलेश सिंह के नेतृत्व में किया गया। जिसमे प्रभारी वनपाल आनंद कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार वनरक्षी दीपक कुमार यादव, अमर आनंद सरस्वती, राजेंद्र कुमार, नाजिर हुसैन, देवचंद माहतो, संतोष रजक एवं बरही थाना के दल बल शामिल रहे। कार्रवाई में दर्जनों लकड़ी का बोटा जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त दोनों मशीन नितेश कुमार राना पिता इंद्रदेव राना के द्वारा संचालित किया जा रहा था। इसी क्रम में बरही रेंजर कमलेश कुमार सिंह ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी कि धोबियाटांड़ में अवैध रूप से आरा मील संचालित किया जा रहा है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की बरही क्षेत्र में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को रोकना हमारी प्राथमिकता है।

## भाजपाइयों ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी देश को सही दिशा में ले जाने का काम किया : रमेश ठाकुर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही धनबाद रोड में स्थित भाजपा कार्यालय में बुधवार को भाजपाइयों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 120 वाँ जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बरही पश्चिमी मंडल अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष नागेश्वर रजक एवं संचालन भारतीय युवा मोर्चा के सदस्य सचिन यादव ने किया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पूर्वी जीप सदस्य सह जीप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव शामिल हुए। कार्यक्रम के शुरुआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने उनके ऐतिहासिक कार्यो को बताते हुए कहा की डॉ॰ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश को सही दिशा में ले जाने के लिए जनसंघ का गठन किया जो की बाद में भाजपा बनी और वर्तमान समय में भाजपा सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। मौके पर हरेंद्र गोप, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, राजू रजक, मनोज कुमार उपाध्याय, इंद्रदेव ठाकुर, पिंटू यादव, अमित कुमार सिंह, कालीचरण ठाकुर, ज्योतिष यादव, विक्रम पांडेय, नीतीश कुमार एवं मनोज कुमार राना मुख्य रूप से मौजूद थे।

## बरही प्रखंड कार्यलय के सभागार में नवनिर्वाचित पंसस सदस्यो की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड कार्यलय में स्थित सभागार में बुधवार को प्रमुख के अध्यक्षता में प्रखंड के सभी नव निर्वाचित पंसस सदस्यो के साथ बैठक किया गया। बैठक में बरही बीडीओ सी आर इंदवार एवं उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा भी मौजूद रहे। बैठक में 15 वे वित्त आयोग अंतर्गत निर्गत मार्गदर्शिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं पूर्व वित्तीय वर्ष की लंबित योजनाओं के बारे में चर्चा की गई एवं अधूरे पड़े कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। साथ ही बैठक में 15 वे वित्त आयोग के कनिया अभियंता बीरेंद्र कुमार और आसिफ अकरम भी मौजूद रहे। बैठक में आशा देवी, अर्चना भारती, कलावती देवी, अख्तरी खातून, पारो देवी, सुमीया देवी, संतोषी कुमारी, नीलम कुमारी, रौशन खातून, रेखा देवी, आयशा खातून, मो तैयब अंसारी, जितेंद्र कुमार दिव्य, बिहारी यादव, बसंती देवी, मो यूसुफ, मनोज कुमार यादव, विकास सिंह, सहदेव प्रसाद, मंटू कुमार रजक एवं रोहित कुमार यादव मौजूद थे।

## झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज का चुनाव 21 जुलाई को व नॉमिनेशन 18 जुलाई

### झारखण्ड पेंशनर कल्याण समाज सह बुद्धिजीवी मंच की बैठक में पुनर्गठन पर चर्चा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बैठक में शामिल पेंशनर समाज के लोग

झारखंड पेंशनर कल्याण समाज बुद्धिजीवी मंच बरही अनुमंडल इकाई की बैठक प्रखंड परिसर स्थित बुद्धिजीवी मंच कार्यालय में हुई । बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष ईशो सिंह एवं संचालन सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने किया । बैठक में झारखंड पेंशनर कल्याण समाज के पुनर्गठन को लेकर चर्चा की गई । सव. सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 28 जुलाई को तृतीय सम्मेलन आयोजित कर झारखंड पेंशनर कल्याण समाज अनुमंडल इकाई का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके लिए 18 जुलाई को एक बैठक आयोजित किए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया । जिसमें चुनाव में भाग लेने वाले पदधारी अपना नामांकन कर सकते हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पिछले 2 साल से जिनका जिनका सदस्यता शुल्क बकाया है वह कोषाध्यक्ष के पास पुनर्गठन के पहले जमा कर दें, ताकि वे नियमानुसार वोट देने का अधिकारी हो सके । इसके साथ ही झारखंड पेंशन कल्याण समाज एवं बुद्धिजीवी मंच की ओर से सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देने एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर अन्य विकास संबंधी योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहयोग करने पर भी विचार विमर्श किया गया। सचिव महेंद्र प्रसाद दुबे ने बताया कि चुनाव के तहत मुख्य संरक्षक, संरक्षक, सम्मानित अध्यक्ष, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संगठन सचिव, कार्यालय सचिव, मीडिया प्रभारी, एव कार्यसमिति सदस्य का चुनाव किया जायेग। मौके पर ईशो सिंह, महेंद्र दुबे, कामता सिंह, जग नारायण सिंह,राम प्रसाद राम, नकुलदेव राणा, सरयू प्रसाद, सोहन प्रसाद यादव, जानकी ठाकुर, रामनाथ प्रसाद, रामचन्द्र पांडेय, कैलाशपति सिंह,साधुशरण दास, कृष्णा केशरी, कृष्णा गुप्ता, जगदीश सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## खोड़ाहर पंचायत भवन में ग्रामीणों की बैठक, अमृत महोत्सव को लेकर चर्चा

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




कार्यक्रम में मौजूद मुखिया एवं अन्य

आज़ादी के अमृत महोत्सव को लेकर खोड़ाहर में उद्यमिता विकास जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खोड़ाहर पंचायत के मुखिया अनिता देवी और ने किया। मुखिया अनिता देवी ने कहा की झारखंड सरकार के आदेशानुसार झारखंड के सभी जिले, प्रखंड एवं पंचायत में आजादी का अमृत महोत्सव को सफल बनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह महोत्सव क्रांतिकारियों, स्वंतत्रता सेनानियों, देशभक्तों की स्वाधीनता का ऐसा अमृत है जो हमे देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। मौके पर सभी वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में एक महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पटना रोड में हुई सड़क दुर्घटना में जीरवा देवी उम्र 35 वर्ष पति फूलचंद रविदास ग्राम करोंजिया चंदवारा निवासी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला मुंडन कार्यक्रम से लौट रही थी। जहां पटना रोड में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं एंबुलेंस के माध्यम से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ॰ अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# सक्सेस गुरू एके मिश्रा के कैरियर सेमिनार में छात्रों की उमड़ी अपार भीड़, घंटों सुनते रहे छात्र

## हर छात्र में आइएएस बनने की क्षमता, केवल उसे तराशने की जरूरत : सक्सेस गुरू एके मिश्रा

## यूपीएससी, जेपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए चाणक्य आइएएस एकेडमी की पहल सराहनीय : पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे

**अपेम लाइव : हजारीबाग**








हजारीबाग। सिविल सेवा के क्षेत्र में झारखंड को अव्वल पायदान पर लाना हमारा लक्ष्य है। मैं ऐसा मानता हूं कि हर छात्र, आइएएस बनने की क्षमता रखता है। समय प्रबंधन, बेहतर सलाह, उचित मार्गदर्शन और सही दिशा में नियमित परिश्रम से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हर व्यक्ति में अद्‌भुत शक्ति है, बस ज़रूरत है अपनी शक्ति पहचान कर सही दिशा में उसके लिए मेहनत किया जाए। उक्त बातें चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से स्थानीय नगर भवन में आयोजित कैरियर सेमिनार के दौरान बड़ी तादाद में मौजूद छात्र-छात्राओं को संबो. धित करते हुए चाणक्य आइएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन व इंटरनेशनल मोटीवेशनल स्पीकर सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने कही। उन्होंने कहा कि हमेशा सक. ारात्मक रहें, नकारात्मकता को अपने ऊपर हावी ना होने दें, क्योंकि जीवन में हमारे पास दो रास्ते हैं, नकारात्मक और सक. ारात्मक। ऐसे में हमें सही रास्ता चुनकर समाज के लिए कुछ करना होगा, तभी समाज में बदलाव आएगा, जिसका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कई बार लोग अपने कंफर्ट जोन को त्याग नहीं पाते और चुनौतीपूर्ण स्थितियों या संघर्षपूर्ण स्थितियों को स्वीकारने में संकोच करते हैं पर हकीकत तो यह है कि जीवन को संवारने के लिए हर चुनौतियों से गुजरना भी जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि थकने की प्रवृत्ति हमें अपने मन से निकालनी होगी तभी समाज के सकारात्मक बदलाव में हमारा भी योगदान अहम हो सकता है। मैं खुद अपने जीवन के आखिरी लम्हे तक दुनिया को कुछ देते रहना चाहता हूं, जो किसी के सफलता की सीढ़ियां बने। वहीं मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने कहा कि यूपीएससी, जेपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए चाणक्य आइएएस एकेडमी की पहल सराहनीय है। उन्होंने कहा कि सक्सेस गुरू एके मिश्रा बीते कई वर्षों से यूपीएससी, जेपीएससी में खासकर हजारीबाग के विद्यार्थियों की सफलता का पैमाना बढ़े, इसके लिए कार्यरत हैं। इसलिए सक्सेस गुरु एके मिश्रा धन्यवाद के पात्र हैं कि अपने पैतृक स्थान पर संस्थान के यूपीएससी और जेपीएससी की लौ यहां के विद्यार्थियों में जगा रहें हैं, जिससे आने वाला कल निश्चित रूप वैसे अभ्यर्थियों के साथ साथ क्षेत्र के लिए भी बेहतर साबित होगा। इससे पूर्व हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, चाणक्य आइएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन व सक्सेस गुरु एके मिश्रा, संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा, जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा के हाथों दीप प्रज्वलन कर कैरियर सेमिनार की शुरुआत की गई। स्वागत भाषण में संस्थान के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए चाणक्य आइएएस एकेडमी के उपलब्धियों से मौजूद लोगों को वाकिफ कराया और कहा कि संस्थान का इतिहास 30 वर्ष पुराना है। अब तक संस्थान के 5 हजार से भी अधिक सिविल सेवक देश सेवा में अहम योगदान दे रहे हैं। संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा, एकेडमिक हेड अनवर हुसैन, ब्रांच मैनेजर अवधेश कुमार ने भी मौके पर मौजूद हजारों छात्र-छात्राओं को संबोधित किया और सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए चाणक्य आइएएस एकेडमी के योगदान को अहम बताया। मंच संचालन मोजफ्फर हुसैन व धन्यवाद ज्ञापन एकेडमिक हेड अनवर हुसैन ने किया। कैरियर सेमिनार के दौरान सक्सेस गुरु एके मिश्रा मौजूद अभ्यर्थियों से सीधे रूबरू हुए और उनके हर सवालों के जवाब दिए। अलग अलग सवालों के जवाब देते हुए सक्सेस गुरू श्री मिश्रा ने कहा

**खुद पर विश्वास रखना जरूरी**

सक्सेस गुरु एके मिश्रा ने कहा कि हर छात्र खुद पर विश्वास रखे। चाहें आप हिंदी माध्यम के छात्र हों या अंग्रेजी माध्यम के, भाषा कभी भी आपके सबलता का बाधक नहीं बन सकती, इसलिए कोई खुद को कभी कमजोर ना समझें। साथ ही खुद को प्रेरित करते रहना भी अहम है।

**चुनौतियों से घबराएं नहीं, बल्कि डटकर सामना करें**

उन्होंने कहा कि जहां चुनौतियां हैं, वहीं सफलता है। इसलिए कभी चुनौतियों से घबराना नहीं चाहिए बल्कि डटकर सामना करना चाहिए। ऐसा देखा जाता है कि कई बार हम चुनौतिपूर्ण स्थितियों को स्वीकारने में संकोच करते हैं लेकिन वास्तविकता यह भी है कि जीवन को संवारने के लिए हर चुनौतियों से हमें गुजरना पड़ता है।

**सफलता के लिए समय प्रबंधन अहम**

किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए समय प्रबंधन की भूमिका अहम होती है। अगर मन में बेहतर जीवन और देश सेवा की लौ जल रही हो, तो समय प्रबंधन करना सीखें। सफलता कदम चूमेगी। साथ ही संतुलित आहार का सेवन भी महत्वपूर्ण है।

**सिविल सेवा देता है राष्ट्र सेवा और बेहतर भविष्य**

सक्सेस गुरु एके मिश्रा ने कहा कि सिविल सेवा राष्ट्र की सेवा करने के साथ, अच्छा जीवन, बेहतर भविष्य और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़कर कार्य करने का मौका प्रदान करता है। इसलिए समय रहते तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

**चाणक्य आइएएस एकेडमी दे रहा है बेहतर मार्गदर्शन**

हजारों की तादाद में शामिल छात्रों को संबोधित करते हुए सक्सेस गुरु एके मिश्रा ने कहा कि झारखंड की उर्वरी मिट्टी की तरह यहां के छात्र भी प्रतिभाशाली हैं। आइएएस बनने की दक्षता सभी में है। सही दिशा में नियमित मेहनत, बेहतर सलाह और उचित मार्गदर्शन पाकर इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है और चाणक्य आइएएस एकेडमी बेहतर मार्गदर्शन अभ्यर्थियों को दे रही है, जिसकी वजह से बढ़ते समय में सफल अभ्यर्थियों की संख्या भी संस्थान में लगातार बढ़ती जा रही है। कई विदेशों में भी सेवा देकर देश का रौशन कर रहे हैं।

# चंदवारा पश्चिमी पंचायत भवन में मनाया गया आजादी का अमृत महोत्सव

**अपेम लाइव : चंदवारा**
**धीरज कुमार**



बुधवार को चंदवारा पश्चिमी पंचायत भवन मे आजादी का अमृत महोत्सव के तहत आईक०निक वीक सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा ने किया। इस दौरान सर्वजन पेंशन,केसीसी पौधारोपण पर विशेष रूप से चर्चा की गई। इस दौरान मुखिया संतोष कुशवाहा ने ग्रामीणों से पनसोखा निर्माण कर जल संरक्षण करने पर जोर देने को कहा। भविष्य में जल की कमी की समस्या को सुलझाने के लिये जल संरक्षण कर जल बचाना है। कई जगहों पर जल की भारी कमी है जिसकी वजह से आम लोगों को पीने और खाना बनाने के साथ ही रोजमर्रा के कार्यो को पूरा करने के लिये जरूरी पानी के लिये लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। जबकि दूसरी ओर पर्याप्त जल के क्षेत्रों में अपने दैनिक जरुरतों से ज्यादा पानी लोग बर्बाद कर रहें हैं। हम सभी को जल के महत्व और भविष्य में जल की कमी से संबंधित समस्याओं को समझना चाहिये। हमें अपने जीवन में उपयोगी जल को बर्बाद और प्रदूषित नहीं करना चाहिये तथा लोगों के बीच जल संरक्षण और बचाने को बढ़ावा देना चाहिये। मौके पर पंचायत सचिव मुकेश कुमार,बीएलओ अजित यादव, मनोज राणा,उपमुखिया बसन्ती देवी,रत्न पासवान, मालती देवी,राखी देवी,नंन्दू शर्मा,शशिबाला भारती,बबलू कुमार,शारदा देवी,तुलसी दास,तरन्नुम खातून,बंटी कुमार, सलाउद्दीन खान,पीयूष पांडेय,अमित पांडेय,चिंतामणि देवी,ज्योत. स्ना, रामदुलारी देवी,गीता देवी,समेत कई लोग मौजूद रहे।

# स्कूल भवन होने के बाद भी बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत खरगू पंचायत के नव सृजित प्राथमिक विद्यालय बेडमकी के बच्चे पेड़ के नीचे पढ़ने को मजबूर है। स्कूल के क्लास रूम में ताला लगा दिया गया है जिसके कारण बच्चे को पेड़ के निचे पढ़ना पड़ता है बच्चे लोग को बा. रिश के समय में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और कभी भी बच्चे लोग के साथ घटना घटने की संभावना बनी रहती है वहीं तीसरा क्लास के बच्चे ने बताया कि यहां एक भी क्लास शिक्षकों के द्वारा नहीं ली जाती है कभी-कभी मनमानी तरीके से क्लास ली जाती है। जिससे हम लोगों की पढ़ाई सही ढंग से नहीं हो पाती है। वहां के बच्चे ने बताया कि हम लोगों को प्रतिपूर्ति भत्ता भी नहीं मिला है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संध्या देवी ने बताया कि विद्यालय के खाता नहीं खुलने के कारण प्रतिपूर्ति की राशि नहीं आया है जिसके कारण प्रतिपूर्ती भत्ता बच्चे लोग को नहीं मिल पाया है। वहीं नव प्राथमिक विद्यालय महुडरा टोला खरगू दो मंजिला बनकर तैयार है लेकिन पढ़ने के लिए बच्चे कम पड़ रहे हैं। इस स्कूल में 40 बच्चे का नामांकन जिसमें मात्र 15 से 17 बच्चे उपस्थित होते हैं।

# पैसा छीनकर भाग रहे चोर को बरही पुलिस ने पकड़ा, भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड कंपनी में संगम मैनेजर (फील्ड स्टाफ) जयदेव महतो उम्र 21 वर्ष पिता सूचंद महतो ग्राम कनक, चास थाना बोकारो निवासी बरही के मल्लाहटोली में रहकर कार्य कर रहे थे। वहीं मंगलवार को मलकोको से आने के क्रम में एन एच रोड से लगभग दौ सो मीटर पहले एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति ने मारपीट शुरू कर दिया और कलेक्शन का पैसा पच्चासी हजार आठ सौ पैंतीस, मोबाइल और गाड़ी का चाभी छीनकर एन एच 2 की और फरार हो गए। हो हल्ला होने के बाद राहगीरों एवं बरही पुलिस बल के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए निकेश कुमार सिंह उम्र 22 वर्ष पिता दिनेश कुमार सिंह ग्राम ढूठी चौपारण निवासी को लुटा हुआ रुपए के साथ पकड़ने में सफल रहे। वहीं बरही पुलिस ने आवेदन के आधार पर कांड संख्या 274/22 धारा 392/412 के तहत प्राथ. मिकी दर्ज कर बुधवार को गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया। छापेमारी दल में एस आई आदित्य कुमार, ओम प्रकाश साह, ए एस आई बुधराय हेंब्रम एवं सशस्त्र बल शामिल थे।

APEM LIVE

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिगहा में बनेगा भव्य शिव मंदिर

### पूराने मंदिर के अवशोष को हटाया गया

### आठ जुलाई को भुमि पूजन, हजारों की संख्या में जुटेंगे लोग

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



इंसेट में भव्य शिव मंदिर का प्रारूप

बिगहा स्थित चंद्रवंशी भवन परिसर में निर्मित 40 साल पुराने शिव मंदिर के जर्जर अवस्था को देखते हुए नए मंदिर निर्माण की आधारशिला 8 जुलाई को रखी जाएगी । परिसर में 50 लाख की लागत से भव्य शिव मंदिर का निर्माण किया जाएगा। इसे लेकर चंद्रवंशी समाज द्वारा लगातार बैठकों का दौर जारी है। मंगलवार को मंदिर परिसर में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी ने बताया कि शिव मंदिर तथा पूरा परिसर में हर साल सैकड़ों शादी विवाह का आयोजन होता है । साथ ही अनेक सामाजिक कार्य आयोजित किए जाते हैं । प्रतिदिन मंदिर में पूजा का दौर जारी रहता है । परंतु पुराने जर्जर मंदिर को हटाकर अब नया मंदिर बनाया जाएगा । इसके पूर्व पूरे विधि-विधान से शिव परिवार की प्रतिमा को हटाकर एक मंडप में स्थापित किया गया। इसके बाद निर्माण की तैयारी आरंभ कर दी गई। बताते चलें कि चंद्रवंशी परिसर में इटखोरी, चौपारण, मयुछरहंड,बरही, पदमा,बरकट्ठा सहित कोड. रमा, चतरा , हजारीबाग जिले के आसपास के कई प्रखंडों से हजारों लोग सीधे रूप से जुड़े हुए हैं। मंदिर निर्माण को लेकर कमेटी का निर्माण किया गया है। इन के माध्यम से सामूहिक रूप से चंदा एकत्रित कर एक साल के अंदर मंदिर को पूर्ण करने का निर्णय लिया गया है। बताते चलें कि इसके पूर्व इसी स्थल में 1999 में बडे महायज्ञ का आयोजन हुआ था। इस बार भी मंदिर निर्माण के बाद महायज्ञ का आयोजन समस्त पूजन कार्य अरुण गुरू के देखरेख में आयोजित हो रहे हैं। बैठक में सचिव देवधारी चंद्रवंशी, संरक्षक राजेंद्र चंद्रवंशी, उपसचिव महेंद्र चंद्रवंशी व अशोक राम,उपाध्यक्ष करुणा चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष सुनील शेखर व प्रदीप चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, भाजपा प्रदेश सह प्रवक्ता रंजीत चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चंद्रवंशी, रामजन्म चंद्रवंशी, त्रिभुवन चंद्रवंशी, अवधेश चंद्रवंशी समेत कई मौजुद थे।

## घर में सो रहे युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह ज़िला के पीरटांड़ थाना के कुंडको पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य डुमरिया गांव में बीती देर रात 45 वर्षीय विदेशी हेंब्रम की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई है। घटना का कारण फिलहाल खुलकर सामने नहीं आया है। लेकिन कुछ पुराने विवाद और अवैध संबंध से जोड़कर मामले को देखा जा रहा है। पुलिस भी कई एंगल से मामले की पड़ताल में जुट गई है। दरअसल विदेशी हेंब्रम अपने घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित अर्ध निर्मित पीएम आवास में अकेले सोता था जिसमें दरवाजा और खिडकी भी नहीं लगी थी। बीते देर रात भी वह अकेले सो रहा था। इसी बीच अपराधियों ने रात में ही कुल्हाड़ी से उसके गर्दन और सिर पर ताबड़तोड़ वार कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। घटनास्थल घर से काफी दूर होने के कारण लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगी. सुबह में जब विदेशी हेंब्रम काफी देर तक सो कर नही उठा तो परिजन उसे देखने पहुंचे। परिजनो ने देखा कि लहूलुहान अवस्था में विदेशी हेंब्रम का शव पड़ा हुआ है। सर और गर्दन जहां वार किया था वहां से खून रिस ही रहा था। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया। वहीं मामले की तफ्तीश में पुलिस जुट गई है। हालांकि इस हत्या के पीछे कौन है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। नक्सली वारदात से भी ग्रामीण और परिजन इंकार कर रहे हैं।

## हाईवा की चपेट में आने से एक युवक की गई जान

### भाकपा माले ने लिया संज्ञान किया रोड जाम





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह ज़िला के गांडेय विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत पहरदाहा के मो सोहेल 17 साल,पिता मो मंसर का मंगलवार की रात सवा 8 बजे फैक्टरी का हाईवा का जेएच-16 ए 6847 नंबर से दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई,जबकि मो बबलू गम्भीर घायल है रेफर किया गया है, जिससे आस पास के ग्रामीण ने रोड जाम कर दिया,भीड़ को बढ़ते देख प्रशासन ने लाश को कब्जे में कर के सदर ह०स्पिटल भेज दी,इधर रोड जाम था, इसी बीच माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा को फ़ोन किया गया ग्रामीणों और माले सदस्यों के द्वारा,श्री सिन्हा और माले के उज्ज्वल साव मौके पर पहुँचे,लोगो को समझाया किन्तु ग्रामीण मुवावजा के लिये अड़े थे,श्री सिन्हा ने कहा कि मुवावजा तुरंत नहीं मिलता इसका प्रोसेस होता,मुवावजा फैक्ट्री के अंदर हादसा में होता है,रोड दुर्धटना में पोस्टमार्टन रिपोर्ट के बाद मिलता है,जानकारी के अभाव में लोग कुछ गलत कर जाते है माले आधा जानकारी वाली भीड़ को भी नियंत्रण करने जानती है,कानूनी तरीके को समझाकर,माले ने कहा भीड़ में कुछ वीरोधी घुसे होते है बरवाडीह कांड में यहीं हुआ लगभग साढ़े चार सौ पर एफ आई आर कर दिया गया है,आज भी झारखंड सरकार के काल मे जे एम एम को वोट देने वाले झेल रहे है,मुख्य आरोपी माले के वरिष्ट नेता राजेश सिन्हा व राज्य कमिटी सदस्य रा. जेश यादव को बनाया गया है,जबकि दोनो मो. हनपुर पीकेट थाना में घटना के समय थाना प्रभारी के साथ थे,जब श्री सिन्हा ने इसकी चर्चा की तो लोग समझे, श्री सिन्हा ने कहा कि मैं ह०स्पिटल जा रहा हूँ क्योंकि उपायुक्त से स्पेशल कंडीशन में पोस्टमार्टम के लिए ऑर्डर कर दिया था जिसे श्री सिन्हा ने यह बोलकर रुकवाया कि बिना गार्जियन के हस्ताक्षर का पोस्टमार्टन नहीं होता है,इस पर पर प्रशासन ने पोस्टमॅार्टन को रोका ग्रामीण असहाय हो जाते है ऐसी मुसीबतों में,सिन्हा ने कहा कि जब तक गरीब लोग अमीर नेता को वोट देंगे बूथ ऐसा हाल चलता रहेगा। सिन्हा जब ह०स्पिटल निकले तो तब उधऱ जाम भी हटा,जाम में पैसेंजर पेशेंट भी परेशान दिखे जाम लगने वाले ऐसा न करें। माले के न०साद अहमद चाँद,मो गुफरान, मो मज़बूल,मो आज़ाद के अलावे कई लोग मुख्य रूप से ह०स्पिटल में मौजूद थे,प्रशासन ने भी पीड़ित परिवार को आस्वासन दिलाया है कि हर संभव मदद करेंगे,श्री सिन्हा ने कहा कि आम जनता जागरूक हो जाए कोई एम पी कोई एमएलए काम नहीं देगा आपकी जागरूकता ही मुख्य बात है। श्री सिन्हा ने कहा कि जे एम एम गांडे और गिरिडीह में विधायक जे एम एम से है पहल करने से जल्द मुवावजा मिलेगा और ज्यादा मिलेगा किन्तु माले को पूर्ण विस्वास है कि जे एम एम और बी जे पी सिर्फ वोट लेती है,इससे ज्यादा उसके दिमाग मे कुछ नहीं जाता,माले इसका विरोध करता है।

## कपका में आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा पंचायत सचिवालय कपका में झारखंड सरकार के निर्देशानुसार मुखिया कमलेश कुमार की अध्यक्षता में अमृत महोत्सव आयोजित की गई,जिसमे मुख्य रूप से पंचायत के सर्वांगीण विकास हेतु सार्वजनिक शौचालय, सार्वजनिक पेयजल की उपलब्धता, उत्तम स्वास्थ्य के क्षेत्र में ,आंगनबाड़ी केंद्र में सौंदर्यीकरण कार्यों की योजनाओं को प्रमुखता से ली गई है। कार्यक्रम में उपस्थित बीएफटी दिलीप दास, पंचायत सचिव धनेश्वर प्रसाद, रोजगार सेवक शशिकांत संगम, पंसस प्रतिनिधि दिनेश प्रसाद,दालेश्वर प्रसाद , उपमुखिया बैजनाथ मंडल, उप प्रमुख प्रतिनिधि उत्तीम प्रसाद, समेत सभी वार्ड सदस्य काफी संख्या में पंचायत के ग्रामीण उपस्थित हुए।अमृत महोत्सव कार्यक्रम पूरे एक सप्ताह का है, और बिशेष ग्राम सभा आगामी 14/07/22 को झारखंड सरकार के आदेशानुसार आयोजित है।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## राजपुर बाजार के गांधी चौक में मिश्रा जाँच घर का हुवा भव्य उद्घाटन

### श्री सत्यदेव मिश्रा व राजपुर के मुखिया विकास सिंह (छोटू सिंह) ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया उद्धघाटन

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के राजपुर बाजार के गांधी चौक में मिश्रा जाँच घर का भव्य उद्घाटन पूर्व सरपंच ब्योबृद्ध सत्यदेव मिश्रा व राजपुर के मुखिया विकास उर्फ छोटू सिंह संयुक्त रूप से मंत्रोचारण व फीता काट कर किया। मिश्रा जांच घर के संचालक कौशल मिश्रा ने बताया कि अब लोगो को जाँच करवाने के लिए अब रांची, हजारीबाग, चतरा नही जाना पड़ेगा। राजपुर में ही ब्लड शुगर, थायराइड, मलेरिया, टाइफाइड, सीबीसी इत्यादि बीमारियों के जांच के लिए उत्तम यंत्रों के द्वारा जांच की प्रक्रिया कम समय मे जांच कर दी जाएगी। उद्धघाटन में मुख्य अतिथि के रूप में राजपुर के मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह एवं सत्यदेव मिश्रा, के अलावा पारस मिश्रा, डॉ डीके पाठक, डॉ शिवकुमार दांगी, डॉ गौतम चौरसिया, डॉ अरुण कुमार(बंगाली), राजन सिन्हा, प्रमोद कुमार सिंह,निकेश मिश्रा, कुंदन मिश्रा, सुमित मिश्रा, संजीव मिश्रा, टुनटुन राम, मधुसुदन केशरी, सुजीत मिश्रा, संतोष केशरी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एसडीएम ने किया पिहरा के विद्यालय एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण, मिली कई गड़बड़ियां





**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**

गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार बुधवार को एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह ने गावां प्रखण्ड के पिहरा पूर्वी पंचायत के सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विद्यालय में साफ साफाई, स्कूल में पठन-पाठन का वातावरण, बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति, शौचालय की स्थिति, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता तथा मध्यान भोजन समेत कई बिंदुओं पर जांच की। साथ ही उन्होंने पिहरा पूर्वी में संचालित प्राथमिक उपस्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किये। इस क्रम में एसडीएम ने विद्यालय में उपस्थित बच्चों का क्लास भी लिए। निरीक्षण के में कई गड़बड़ियां सामने आई है, कहीं पेयजल की समुचित व्यवस्था नही तो कहीं पठन पाठन की गति. विधियों में गड़बड़ी देखने को मिला। कहीं मध्यान भोजन से सम्बंधित अनियमितता देखने को मिला। एसडीएम ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर यह जांच की गई है। जांच रिपोर्ट उपायुक्त को समर्पित की जाएगी। कहा कि जांच के लिए बिंदुवार दिशा-निर्देश उपायुक्त के स्तर से ही मिली थी। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिक.ारी प्रभाकर कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सबदर अली, सीआरपी अजय पंडित, रविकांत पांडे, पंकज कुमार, गौतम कुमार आदि उप.स्थित थे।

## दिव्यांगो का निबंधन रेड क्रॉस भवन में दूसरे दिन भी रही जारी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह जिला चेंबर ऑफ क०मर्स तथा मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गिरिडीह के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के शिविर के दूसरे दिन आज 24 और दिव्यांगों का नि.बंधन हुआ है। कल 80 दिव्यांगों का निबंधन हुआ था और आज 24 दिव्यांगों का निबंधन हुआ है, इस प्रकार कुल मिलाकर 104 दिव्यांगों का निबंधन किया गया है जोकि हम लोगों के लक्ष्य से कहीं अधिक है। दिव्यांगों के अंगो का नाम लेकर कृत्रिम हाथ एवं पैर बनाने का काम प्रगति पर है। सभी दिव्यांगों को दिनांक 8 जुलाई 2022 को प्रातः 10:00 बजे से कृत्रिम उपकरण लगाने का काम शुरू हो जाएगा जोकि शाम 4ा00 बजे तक समाप्त हो जाने की अपेक्षा है।




## भाजपा गिरिडीह नगर इकाई ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 122वी जयंती मनाई

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह नगर के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 121वी जयंती गिरिडीह निवर्तमान विधायक श्री निर्भय कुमार शहबादी के आवासीय कार्यालय में मनाई गई डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का भारतीय राजनीति से गहरा नाता हुआ करता था और इन्हें इनकी अलग विचारधारा के लिए जाना जाता था इन्होंने हमेशा से ही हिंदुत्व की रक्षा करने के लिए अपनी आवाज उठाई थी और इन्होंने ही अनुच्छेद 370 का काफी विरोध भी किया और आज हम ऐसे महानायक की जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं ,आज के इस कार्यक्रम के मुख्य रूप से नगर के प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री चुन्नूकांत सिन्हा एवं भाजपा नेता सह नगर के पालक सुनील पासवान जिला के महामंत्री संदीप डगैच नगर अध्यक्ष हरमिंदर सिंह बग्गा नगर महामंत्री सिंकु सिंहा नीलू सिंहा संजय सिंह दीपक शर्मा, प्रकाश दास प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा प्रोफेसर बिनीता कुमारी रंजन सिंहा महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता सेठ, मोतीलाल उपाध्याय रिशु गुप्ता मंटू कुमार गोविंद तुरी, शशि सिंहा, वीरेंद्र वर्मा ब०बी कुमार संजू देवी विजय कुमार रजक सुरेश प्रसाद गुप्ता सौरभ सिंहा समैत कईक कार्यकर्ता एवं नेतागण मौजूद थे

## पंचायत समिति सदस्य के नेतृत्व में ग्रामीणों नें किया मध्य विद्यालय हरनी का निरीक्षण

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के सांख पंचायत अंतर्गत मध्य विद्यालय हरनी का ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य अकलेश यादव के नेतृत्व में निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अपने पंचायत के छात्र - छात्राओं एवं ग्रामीणों से लगातार मिल रही शिकायतों पर विद्यालय का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षक लापरवाही बरत कर बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिक्षक समय पर स्कूल आते हुए क्लास लें, छुट्टी होने के बाद ही स्कूल से निकले। स्कूलों में न आने व आने के बाद न पढ़ाने वाले शिक्षकों पर विभाग से शिकायत की जाएगी। मध्याह्न भोजन कोषांग एवं प्रोत्साहन का जो भी राशि आया है उसे भी बहुत जल्द छात्र - छात्राओं के बीच वितरण किया जायेगा। मौक़े पर प्रवेज़ आलम, अर्जुन मिस्त्री, शौकत अली, सोनू कुमार, मनोहर दास, इंदरदेव मिस्त्री,अशोक रविदास, इसरेल अंसारी, बीरेंद्र कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## चिरुडीह में धोती और साड़ी का किया वितरण

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



सोना सोबरन योजना के तहत बिरनी प्रखंड के चिरुडीह, बलगो और खुरजिओ में महिलाएं वा पुरुषों के बीच धोती साड़ी का वितरण किया गया ।जिसमें चिरुडीह गाव में जनवितरण प्रणाली दुकान में उपप्रमुख शेखर शरण दास बलगो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास के द्वारा वितरण किया गया। वही उप प्रमुख शेखर शरण दास ने कहा कि झारखंड सरकार के इस योजना को बढ़ाते हुए प्रखंड के क्षेत्र के बीपीएल कार्ड के बीच साड़ी व धोती वितरण किया जिसमें उपस्थित रहे। उप प्रमुख शेखर सुमन, बलगो मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, पंचायत समिति सदस्य अली अली असगर, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि हलीम अन्सारी, वार्ड सदस्य वसीम अख्तर,और डीलर समेत कार्डधारी उपस्थित रहे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## आरोग्यम हॉस्पिटल का फ्री मेगा हृदय चेकअप कैंप कोडरमा के केयर हॉस्पिटल में 8 जुलाई को होगा आयोजित

### हृदय रोगों के प्रति समाज में जागृति लाना है कैंप का मुख्य उद्देश्य : हर्ष अजमेरा

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रवी सिंह**




हजारीबाग के एकलौते सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एचजेडबी आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आगामी 8 जुलाई 2022 (शुक्रवार) को कोड. रमा के रांची पटना रोड़ में गायत्री मंदिर के समीप स्थित केयर हॉस्पिटल परिसर में फ्री मेगा हृदय चेकअप कैंप का आयोजन होने जा रहा है। इस कैंप में आरोग्यम ह०स्पिटल के प्रसिद्ध एमडी कार्डियोल०जिस्ट डॉ.मृणाल कुंज अपनी सेवा देंगे। कैंप पूरी तरह फ्री होगा और इसमें मुफ्त में आरोग्यम हॉस्पिटल की ओर से इ.सी.जी., ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की जाएगी। कैंप के बाबत आरोग्यम हॉस्पिटल के निदेशक हर्ष अजमेरा ने बताया की हृदय रोगों के प्रति समाज में जागृति लाने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कोडरमा जिला वासियों से आग्रह किया कि कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सक से उचित परामर्श लेकर और हृदय संबंधी जांच कराकर इस कैंप का लाभ उठावें।

## आईकोनिक वीक को सफल बनाने के लिए कपिलो मुखिया मुकेश यादव कर रहे सराहनीय कार्य

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कपिलो में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आईकोनिक वीक मनाने के लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिरनी के आदेशानुसार आईकोनीक वीक के तीसरे दिन पंचायत सचिवालय कपिलो में माननीय मुखिया मुकेश यादव के अध्यक्षता में बैठक कर सतत् विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण पर चर्चा, स्वस्थ गाँव और सामाजिक रूप से सुरक्षित गाँव पर विचार विमर्श कर, चहुंमुखी विकास के बारे में चर्चा परिचर्चा कर जनहित में कार्य करने के लिए निर्णय लिया गया और कपिलो पंचायत के अंतर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र रजमनियां में शिक्षा, पोषण एवं स्वच्छता से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया औऔर नन्हें बच्चों के साथ पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया द्य अच्छे चित्रकला बनाने वाले छात्रों को पंचायत समिति सदस्य कृति कुमारी, स्थानीय वार्ड सदस्य संगीता कुमारी एवं भुनेश्वर साव, आंगनबाड़ी सेविका प्रतिमा कुमारी के साथ जनप्रिय मुखिया मुकेश यादव के द्वारा पुरुस्कृत कर हौसला अफ़ज़ाई किया गया, विदित हो कि यह ग्राम पंचायत कपिलो राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मा. नित ग्राम पंचायत रहा है और विकास के लिए चर्चित व शशक्त ग्राम पंचायत है,और इस बार के नवनिर्वाचित मुखिया मुकेश यादव चुनाव जीतने के बाद से हीं लागातार जनता सेवा में लीन हो चुके हैं और उनके बीच जाकर सुख दुःख के साथी बनकर कार्य करने में जुट गये हैं। इस मौके पर कपिलो पंचायत के पंचायत सचिव पुरण मांझी, ग्राम रोजगार सेवक अर्जुन रविदास, आंगनबाड़ी सेविका रुबी कुमारी , मुन्नी देवी, राधा देवी, पुनम देवी, स्वंय सेवक राजु साव, लता कुमारी, समाजसेवी गण सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## मृतक को मिले न्याय, निष्पक्षता से जाँच कर पुलिस मामला का करे उजागर : मनोज यादव

### दैहर में समर्थकों संग मृतक कैलाश के परिजनों से मिलने पहुँचे पूर्व विधायक





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

बीते दिनों दैहर पाती तालाब में गांव के ही कैलाश प्रजापति उर्फ़ कैलू का संदिग्ध अवस्था मे शव मिलने के बाद मृतक के पत्नी ने हत्या का आरोप लगाकर थाना में आवेदन दिया है। पुलिस मामले का जाँच पड़ताल कर रहा है। घटना की सूचना पाकर समर्थकों संग दैहर पहुँचे बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव। पूर्व विधायक ने घटना के प्रति गहरी सवेदना प्रकट करते हुए कहा कि मृतक के परिजन को न्याय मिले। पूर्व विधायक ने पुलिस प्रसाशन से माँग किया कि निष्पक्षता से जाँच पड़ताल कर मामले का उगाजर करें। पूर्व विधायक ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देकर हर सभव मदद का भरोशा दिया। इस दौरान मृतक की पत्नी ने पूर्व विधायक को घटना के संदर्भ विस्तृत जानकारी दिया। जीप सदस्य राकेश रंजन ने कहा कि पुलिस दोषियो को कठोर सजा दे। सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव ने कहा कि कैलाश प्रजापति गरीब था उसके परिवार का भरण पोषण के लिए प्रसाशन से बात करेंगे। दैहर निवासी बबन सिंह ने कहा कि हत्या या आत्माहत्या हुवा इसका खुलासा करें पुलिस। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, एसी मोर्चा अध्यक्ष रामस्वरूप पासवान, भाजपा नेता आशीष सिंह, जन्मजेय सिंह, भोला भुइयाँ, देवकुमार दाँगी, अशोक प्रजापति, रामवतार प्रजा. पति, सुरेश दाँगी, अशोक पासवान, टुकन साव, चनद्रदेव दाँगी, कुलदीप पांडेय, विक्रम पांडेय, शिवकुमार यादव, किशोर प्रजापति,

## तिब्बत भारत का स्वाभाविक मित्र है : मनीष जायसवाल

### भारत जितना मजबूत होगा कि भारत की आजादी उतना शीघ्र होगी: बंसीधर रूखैयार







**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**

आज दिनांक 6 जुलाई 2022 जैन भवन बड़ा बाजार हजारीबाग झारखंड में भारत तिब्बत मैत्री संघ के द्वारा परम पावन दलाई लामा जी का 87 वा जन्मदिवस समारोह के रूप में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता भारत तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष सुदेश कुमार चंद्रवंशी द्वारा किया गया। सबसे पहले परम पावन दलाई लामा जी के चित्र के पास मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष जयसवाल ,मुख्य वक्ता पूर्व कुलसचिव विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रोफ़ेसर बंशीधर रुखियार ,पूर्व सांसद महावीर लाल विश्वकर्मा,महापौर रोशनी तिर्की एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। सभी अतिथियों को खातक उड़ा कर एवं पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि आज पूरा विश्व परम पावन दलाई लामा जी के 87 वे जन्मदिवस को मना रहा है अहिंसा के पुजारी गौतम बुद्ध के शिष्य परम पावन दलाई लामा जी भारत को अपना गुरु मानते हैं 1959 में चीन द्वारा तिब्बत पर अवैध कब्जा करने के बाद दलाई लामा जी भारत में ही रह रहे हैं। वर्तमान समय में भारत के लिए तिब्बत की आजादी का क्या महत्व है आज अगर चीन आजाद होता तो हमारी सीमा सुरक्षित रहती। चीन हमारा पड़ोसी देश नहीं था पड़ोसी देश तिब्बत था हमारी सीमा चीन के साथ कभी नहीं मिलती थी। मुख्य अतिथि सदर विधायक हजारीबाग श्री मनीष जयसवाल ने अपने संबोधन में बताया किरू चीन की विस्तार बाती नीति के तहत भारत के साथ-साथ अन्य देशों की सीमा का उल्लंघन कर रहा है। आज तिब्बत में तिब्बतियों से ज्यादा चीनी लोग हैं। चीन की यह नीति से तिब्बत की सांस्कृतिक और पर्यावरण को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। चीन द्वारा तिब्बत में भारत के बॉर्डर पर सड़क बनाकर भारत की सीमा रेखा का भी उल्लंघन कर रहा है परमाणु कचरा का अड्डा बना चुका है तिब्बत में चीन। तिब्बत भारत का स्वाभाविक मित्र है। मुख्य वक्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव श्री बंशीधर रुखैयार ने अपने संबोधन में बताया किरू भारत जितना मजबूत होगा तिब्बत की आजादी और सहज होगी। तिब्बत की आजादी भारत की ताकत पर निर्भर करता है और। पश्चिमी देशों को भी भारत की मजबूती का पता रूस यूक्रेन युद्ध के बाद चल गया। तिब्बत की आजादी में भारत की अहम भूमिका निभा सकता है। जन्म दिवस के इस समारोह को मुख्य रूप से पूर्व सांसद श्री महावीर लाल विश्वकर्मा, महापौर रोशनी तिर्की,डॉ वी के सिंह, डॉ अमिताभ सामंतों,श्री गंगाधर दुबे, श्री ज्ञान चंद मेहता, हरीश श्रीवास्तव, प्रोफ़ेसर जटाधर दुबे, भैया अभिमन्यु प्रसाद,डॉ ललिता राणा,श्रीमती गायत्री राणा, जय प्रकाश जैन, अखौरी गोपाल सहाय, अजीत कुमार चंद्रवंशी, राजेंद्र प्रसाद, छेदी ठाकुर, आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप सेरू नंदकिशोर बाबू नंदू जी, इंजीनियर वकील प्रसाद, महेंद्र बिहारी, श्याम किशोर प्रसाद, संजय बिहारी, संजय यादव डिस्क,अजीत गुप्ता, राम सिंह,रविंदर लाल, राजन वर्मा, राकेश वर्मा, विजय राम चंद्रवंशी, महेश ठाकुर, रामस्वरूप ठाकुर, सत्यभामा देवी ज्योत्सना देवी, पूनम मिश्रा, रिंकी विश्वकर्मा, मीरा मेहता, मूलचंद साव, भोला मालाकार, गौरी शंकर प्रसाद, दुर्गा राम चंद्रवंशी, इंजीनियर अमन कुमार, आशीष कुमार, डॉक्टर भैया असीम, पप्पू जैन, मनोज कुमार जैन, रविंद्र प्रसाद, किशोर सावंत, अरविंद किशोर, मेहुल खंडेलवाल, मुकेश मालाकार, ममता चंद्रवंशी, मोना देवी, प्रभादेवी, अमन कुमार, रुबी देवी, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अजीत कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन शैलेश कुमार चंद्रवंशी द्वारा किया गया।

## शांति पूर्ण तरीके से उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंड्रो कन्या में प्रबंधन समिति का चुनाव संपन्न

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गांवा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेंडरो कन्या में लगातार तीन बार से किसी कारण वस प्रबंधन समिति का चुनाव नहीं हो पा रही थी जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका था परंतु पंचायत समिति सदस्य अकलेश यादव के नेतृत्व में बुधवार को ग्रामीणों के द्वारा बैठक कर चुनाव सम्पन्न करा ली गई। इस दौरान सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए महेंद्र यादव, उपाध्यक्ष सकलदेव यादव व संयोजिका गायत्री देवी को चयनित किया गया। पंचायत समिति सदस्य अकलेश यादव नें कहा कि ग्रामीणों के पहल पर ही यह कार्य को करने में हम सब सफल हुवे, इसके लिए गांव के सभी गणमान्य, प्रभुत्व व समाजसेवीयों को धन्यवाद व प्रबंधन समिति के नए चुने गए अध्यक्ष को बधाई देता हूँ। उन्होंने कहा कि शिक्षा स्त्री और पुरुषों दोनों के लिए समान रुप से आवश्यक है, क्योंकि स्वास्थ्य और शिक्षित समाज का निर्माण दोनो द्वारा मिलकर ही किया जाता हैं। नवचयनित अध्यक्ष से उम्मीद ही कि वो विद्यालय व समाज के उत्थान और विकास के लिये बढ़-चढ़कर कार्य करेंगे। मौके पर उमेश यादव,पंकज यादव ,दिलीप कुमार,रंजीत यादव, अजय यादव,विकास कुमार, मसूधन यादव, गुड़िया देवी, बबनी देवी, सरिता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भाजपा ने मनाया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती

### दोनो मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया गया जयंती

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती विश्रामपुर विद्यालय भवन में मनाई गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के द्वारा स्व. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित की गई एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही सबसे पहले कश्मीर में धारा 370 की समाप्ति के लिए आमरण अनशन की शुरुआत की थी एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख संस्थापकों में से एक थे। वहीं आज डo श्याम प्रसाद मुखर्जी के जन्म जयंती अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के बड़कागांव पूर्वी मंडल अध्यक्ष श्री त्रिवेणी महतो के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद विद्यालय के प्रांगण में पौधारोपण का कार्य किया गया।वहीं पश्चिमी मंडल अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता के अध्यक्षता व संचालन महामंत्री इन्द्र भूषण के द्वारा मंडल अध्यक्ष के आवास में मनाया गया। मंडल अध्यक्ष अपने संबोधन में कहा कि 6 जुलाई 1901 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ था और हमलोग उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रयास कर रहें हैं। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भुपाल स्वर्णकार, त्रिवेणी महतो,उपाध्यक्ष मोहन साव,अवधेश मिश्रा, यमुना महतो, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, दिनेश कुमार, हेमंत कुमार, शिव शंकर उर्फ शिबू मेहता,उदय मेहता, कृष्णा साव,विनोद ठाकुर,मनीष पांडे, रामपति राम, कालीचरण गुप्ता, तिला साव,स्वरुप नारायण, चेतन गोस्वामी, उदय कुमार पांडे, मनी वर्मा ,दिलीप कुमार रवि ,प्रमोद राम ,जितेंद्र कुमार , मुकुटधारी कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पंदनवाटांड गांव में मुखिया ने बिजली विभाग से बिजली बहाल कराने की मांग की

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : चेपाकला पंचायत क्षेत्रांतर्गत पंदनवाटांड गांव मे चेपाकला पंचायत के मुखिया अनिकेत नायक ने बिजली विभाग से जल्द से जल्द गांव में बिजली बहाल करने की मांग की है। मुखिया ने कहा बिजली पोल गिराए हुए लगभग 2 माह हो चुका है।अब तक गांव में बिजली बहाल नहीं हो पाई है। बिजली विभाग को इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि जल्द से जल्द गांव वाले को बिजली नसीब हो सके । मामले को लेकर कनीय अभियंता सत्य देव कुमार ने कहा कि गांव में बिजली बहाल करने के लिए बिजली पोल गिराई गई है ,बिजली उपकरण सामग्री के लिए विभाग में आवेदन दिया गया है, जल्द से जल्द प्रयास किया जा रहा है ।बिजली सामग्री आने के पश्चात काम शुरू कर दिया जाएगा।

## आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव मध्य पंचायत में आजादी के अमृत महोत्सव को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई, जिसकी नेतृत्व मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उप मुखिया अमर कुमार राणा और प्रधानाध्यापक अशोक कुमार ने किया। रैली के पूर्व विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन किया गया, इसकी अध्यक्षता प्रधानाध्यापक अशोक कुमार व संचालन संजय सागर ने किया। मुख्य अतिथि मुखिया मो तकरीमुल्लाह ने कहा कि भारत आजादी की 75 वर्ष से गुजर रहा है, इसे हम सभी अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। आ. जादी की लड़ाई में बड़कागांव प्रखंड के महापुरुषों का भी योगदान रहा है। हम इन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव हम इसलिए मना रहे हैं ताकि हमारे भारत की एकता बना रहे। इसके बाद जागरूकता रैली निकाली गई ,जो बड़कागांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार, दुसाध मोहल्ला, अंबेडकर मो. हल्ला, बरगद मोहल्ला, मुस्लिम मोहल्ला और ठाकुर मोहल्ला होते हुए निकाली गई। मौके वार्ड सदस्य गणेश राम, सीमा देवी, शिक्षिका बिना साहू, चेतलाल राम, हेमेंद्र कुमार, विनोद रजक, दीपक राणा, नीलू कुमारी, निधि कुमारी, निगार सुल्ताना, हुस्ने आरा, मुनेश कुमार राम ,रामवृक्ष राम, कमलेश श्रीवास्तव, तुलसी महतो, रवि कुमार रवि, राजू कुमार, कार्तिक सोनी, नकुल महतो, जमशेद अंसारी, पुष्पा कुमारी, संतोषी कुमारी, शकुंतला कुमारी, रजनी कुमारी और बसंती कुमारी के अलावा सैकड़ों बच्चे शामिल थे।

## एनटीपीसी कोयला खनन ने वित्त वर्ष 2023 की पहली तिमाही में 42.40 लाख मीट्रिक टन कोयला उत्पादन हासिल किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : एनटीपीसी कोयला खनन ने 2022-23 की पहली तिमाही में उच्च स्तर पर कोयला उत्पादन शुरू कर दिया है। तीन चालू कोयला खदानों - पकरी-बरवाडीह (झारखंड), दुलंगा (ओडिशा) और तलाईपल्ली (छ.ग.) ने 42.40 लाख मीट्रिक टन कोयला उत्पादन हासिल करने में योगदान दिया है। वित्त वर्ष 22-23 की पहली तिमाही में 42.40 लाख मीट्रिक टन कोयले का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त 26. 40 लाख मीट्रिक टन के उत्पादन से 61 प्रतिशत अधिक था। इसके अलावा, जून 22 के दौरान कोयले का उत्पादन 15.55 लाख मीट्रिक टन था। यह जून,21 में प्राप्त 7.73 लाख मीट्रिक टन कोयला उत्पादन की तुलना में 101ः की अभूतपूर्व वृद्धि दर्शाता है। इस तिमाही में कोयला उत्पादन के साथ-साथ एनटीपीसी ने 106 लाख क्यूबिक मीटर हटाने और एनटीपीसी बिजली संयंत्रों को 41.74 लाख मीट्रिक टन कोयला प्रेषण में भी योगदान दिया है। एनटीपीसी ने अपनी चट्टी-बरियातू कोयला खदान (झारखंड) में खनन कार्य शुरू कर दिया है और 21 मई,22 को कोयले को भी छू लिया है। इस खदान से कोयले की आपूर्ति एनटीपीसी के बाढ़ पावर स्टेशन को की जाएगी। एनटीपीसी को 30 जून 2022 को तलईपल्ली (वेस्ट पिट) (छ.ग.) के लिए संचालन अनुबंध से सम्मा. नित किया गया; इस गड्ढे में खनन कार्य जल्द शुरू होगा। एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग ने अपनी कोयला खानों की परामर्शी और परियोजना प्रबंधन सेवाओं के लिए 2 जून 2022 को मेकoन के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।प्रतिष्ठित संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कoम्पेक्ट के सी. ईओ वाटर मैंडेट के हस्ताक्षरकर्ता होने के नाते, एनटीपीसी ने राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान, रुड़की को वर्षा जल संचयन की क्षमता, तलाईपल्ली टाउनशिप में वर्षा जल संचयन संरचना के डिजाइन, क्षेत्र और पानी की सकारात्मकता का आकलन करने के लिए नियुक्त किया है। बस्ती के आसपास के 2 गांव। रांची में कोयला खनन मुख्यालय ने जून ॰22 में एमएसएमई विक्रेता के माध्यम से एलईडी रोशनी के साथ सुरक्षा प्रतिबिंबित जैकेट विकसित और खरीदे हैं, ताकि रात के घंटों के दौरान खानों और साइडिंग में तैनात कर्मियों के लिए बेहतर दृश्यता सुनिश्चित हो सके।

## रोड किनारे नाली निर्माण अधूरा घर में घुस रहा है गंदा पानी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : पश्चिम पंचायत अंतर्गत थाना रोड स्थित पश्चिम रोड किनारे साइड में नाली निर्माण कार्य अधूरा रहने के कारण नाली का गंदा पानी सुबोध जयसवाल के तीन मंजिला मकान में घुस रहा है। निचले तल्ले मकान पूरा गंदे पानी से भर गया है। जिसके कारण घर में रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मकान मालिक सुबोध जयसवाल ने कहा कि विगत 4 वर्षो से घर में गंदा पानी घुस रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद अब तक सुधार नहीं हुआ है। प्रशासन से दरख्वास्त करता हूं कि कृपया इस पर विशेष ध्यान दें ताकि रोड किनारे नाली का गंदा पानी किसी के घर में नहीं घुसे, ताकि परेशानी से बचा जा सके। कोई मामले को लेकर ने बड़कागांव पश्चिमी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं खुद नाली का निरीक्षण किया हूं , नाली निर्माण से संबंधित बीडियो से बातचीत हुई है उन्होंने जल्द नाली निर्माण करवाने का आश्वासन दिए है।

## यातायात विभाग द्वारा सघन जांच अभियान जारी

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह में रोड जाम लगना आम बात हो गई है। कही भी कभी भी जाम की स्थिति बनने का सबसे बड़ा कारण अoटो रिक्शा और टोटो रिक्शा की बेतहाशा वृद्धि है। ट्रेफिक इंस्पेक्टर प्रेमरंजन उरांव ने अपेम लाइव न्यूज से बात. चीत में बताया कि जाम की स्थिति से निपटने के लिए अoटो रिक्शा और टोटो रिक्शा की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है। बहुत सारे अoटो रिक्शा और टोटो रिक्शा को नाबा. लिग द्वारा चलाया जा रहा है उनलोगों को वार्निंग देते हुए फाइन वसूला जा रहा है। जांच के क्रम में बहुत सारे ऑटो रिक्शा और टोटो रिक्शा के कागजात अधूरे मिल रहे हैं और बहुत से चालको के पास ड्राइविंग लाइसेंस नही पाया जा रहा है सभी से फाइन वसूला जा रहा है और चेतावनी के साथ छोड़ा जा रहा है कि अपनी कागजात वाहन में रखे और ड्राइविंग लाइसेंस भी। सबसे ज्यादा जरूरी है वाहन में रजिस्ट्रेशन नंबर लिखवाना।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आईकॉनिक सप्ताह के पहले दिन प्रखण्ड के सभी पंचायतों में कार्यक्रम ग्राम सभा की हुई बैठक





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : छः जुलाई से दस जुलाई तक आइक०निक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है ।जिसमे अमृत महोत्सव कार्यक्रम को लेकर मुखिया सभी दस पंचायतों में मुखियाओं की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।सभी पंचायतों में मुखियाओं के नेतृत्व में बैठक किया गया ।तथा ग्राम सभा के लिए समय निर्धारित करते हुए कई गांव में आज बुधवार को ग्राम सभा भी किया गया ।जिसमे लगभग सभी पंचायतो में स्कूली बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी,साइकल रैली, और पेंटिंग भी करवाया गया ।राजपुर पंचायत में मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटू सिंह के नेतृत्व में बैठक किया गया ।जिसमें अमृत महोत्सव में क्या क्या करना है ग्राम सभा मे क्या क्या योजनाओं का चयन करना या किन किन बातों पर ध्यान देना है पर चर्चा किया गया ।वहीँ जमरी पंचायत भवन में मुखिया आफताब हुसैन ने बैठक कर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा किया ।इसी तरफ चारु पंचायत में रवीना देवी, बक्चुम्बा में पार्वती देवी,कोल्हैया में बबलू भुइयाँ,चिरिदिरी में घनश्याम पांसी एवं बबलू केशरी ने ग्राम सभा का नेतृत्व किया ।बैठक में पंचायत सेवक,रोजगार सेवक,जल सहिया, सहिया दीदी,आंग. नबाड़ी सेविका सहित अन्य लोग शामिल थे।

## सक्सेस गुरु ए के मिश्रा ने शिक्षाविद पंसस कृष्णा राम को सम्मानित किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




हजारीबाग टाउन ह०ल मे चाणक्य अकैडमी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चेपाकला पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम को शिक्षा के क्षेत्र में लोगों को जागरूक करने को लेकर सक्सेस गुरु ए के मिश्रा के द्वारा बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर कृष्णा राम काफी गौरवा. न्वित महसूस किए। मौके पर ए के मिश्रा ने कहा कि शिक्षा ही सभी सुखों का खान है ,लोग शिक्षा के प्रति ध्यान दें । हजारीबाग जिला मे शिक्षा की असीम संभावनाएं हैं,हम लोग प्रयास करें कि हजारीबाग जिला शिक्षा के क्षेत्र में पूरे देश में प्रथम स्थान मुकाम हासिल करें।

## विष्णुगढ़ में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का मिलन सह सम्मान समारोह

### आपसी सामंजस्य एवं सहभागिता से होगा पंचायत का सर्वांगीण विकास: विधायक

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




मिलन सह सम्मान समारोह को संबोधित करते विधायक विनोद कुमार सिंह

विष्णुगढ़ प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रमुख जैबुन निशा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सभी 24 पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य तथा जिला परिषद सदस्य शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी संस्था को सुदृढ़ करने के लिए इसकी बुनियाद को मजबूत करने की जरूरत है। पंचायती राज्य व्यवस्था में ग्रामसभा का अहम रोल है। पंचायत के सर्वांगीण विकास में मुखिया के अलावा पंचायत समिति सदस्यों की भी अहम भूमिका है। पंसस प्रखंड के किसी भी विभाग में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का निरीक्षण एवं उसकी समीक्षा कर सकते हैं। यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या या खामियां नजर आती है तो त्रिस्तरीय पंचायती राज्य व्यवस्था में अपने वरीय संस्था जिला परिषद को रिपोर्ट कर सकते हैं। कहा कि सभी जनप्रतिनिधि आपसी सामंजस्य के साथ मिलकर काम करें तो पंचायत का अपेक्षित विकास संभव होगा। कार्यक्रम को प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, जिप सदस्य शेख तैयब, सरयू पटेल, दीपिका कुमारी, मुखिया निर्मल कुमार, मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तम कुमार, केबी मंडल, प्रमुख प्रतिनिधि मो बेलाल समेत अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। मंच संचालन जीपीएस रामचंद्र दांगी ने किया। प्रमुख द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया पूनम कुमारी दास, मंजू देवी, लक्ष्मी कुमारी, कुंवर हांसदा, चंद्रशेखर पटेल, पंसस उमा देवी, मुन्नी देवी, कल्पना देवी, घनश्याम पाठक समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## साइजा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड पर ढाई लाख के गबन का आरोप

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह में महिला ग्रुप को लोन देनेवाली बहुत सारी कंपनी ने अपने ब्रांच खोल रखे हैं। आज एक महीला ग्रुप द्वारा साइजा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड पर ढाई लाख रुपए गबन करने का आरोप लगाने का मामला प्रकाश में आया है। इस विषय पर महिलाओं से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि दो हजार अठारह में साईजा फाइनेंशियल प्राइवेट लिमिटेड का एक कर्मचारी बिरनी थाना के बलिया गांव गया था और उसने लोन तुरन्त देने के नाम पर सारे जरूरी कागजात हस्ताक्षर करवा कर ले लिया। मगर लोन दिया नही हम पीड़ित महिला लोग उक्त कंपनी का ब्रांच ऑफिस भी नहीं देखा था। इस महिने जब ग्रुप की महिलाएं दूसरे कंपनी से लोन लेने गई तो उन्होंने कहा कि आप सभी के नाम से साइजा फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के पास पच्चीस पच्चीस हजार लोन बकाया है पहले उसको चुकता कीजिए फिर नया लोन मिलेगा। इस विषय पर ब्रांच मैनेजर का कहना है कि मेरा गिरिडीह ब्रांच आए एक महीना हुआ है फिर भी मामला गंभीर है। जांच पड़ताल के लिए उच्च अधिकारीयों को सूचित कर दिया है जो भी दोषी पाए जायेंगे उनको बख्शा नहीं जाएगा। शिकायत करने वाली महिलाओं में कूमा देवी पति काली तुरी, रधिया देवी पति रामनरेश तुरी, विलसवा देवी पति सुदामा तुरी, राधिका देवी पति महेश राय, पनवा देवी पति बिशुन तुरी, सविता देवी पति सहदेव तुरी, शांति देवी पति रामदेव तुरी, लखिया देवी पति गांगो तुरी, देवन्ति देवी पति जागेश्वर राय, शांति देवी पति राधे तुरी शामिल थीं जिसमे पनवा देवी और शांति देवी की मृत्यू हो चुकी है उनके स्थान पर उनके पति उप. स्थित थे। ब्रांच मैनेजर ने कहा कि जिनकी मृत्यू हो चुकी है उनका ऋण माफ हो जायेगी उसके लिए लाभुक की मृत्यू प्रमाण पत्र और एक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

## सिंघरावां मुखिया ने किया कार्यकारणी की बैठक, पंचायत विकास में सबसे माँगा सहयोग

### पंचायत के सर्वागीण विकास के लाइट करूँगा कार्य : संतोष सिंह

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशेर राणा**



सिंघरावां पंचायत मुखिया संतोष सिंह ने अपने पहले कार्यकारणी का बैठक किया। पहले बैठक में ही मुखिया व समिति ने 15वें वित्त से कई योजनाओं को स्वीकृति हेतु अनुमोदन किया। साथ ही पंचायत के आवश्यक जरूरी योजनाओं को सूचिबद्ध करते हुवे सेक डाटा मे चढाने हेतु पारित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुखिया संतोष सिंह ने सभी वार्ड सदस्यों व पंचायत समिति सदस्यों से सिंघरावां पंचायत के सर्वांगीण विकास में सहयोग मांगा। श्री सिंह ने कहा कि सिंघरावां पंचायत विकास के लिए जाना जाएगा। सबका सहयोग रहा तो पंचायत को प्रखण्ड में अग्रणी स्थान तक पहुंचाऊंगा। मौके में उप मुखिया पूनम नौशाद, वार्ड सदस्य मो. फिरदौश, रुखशाना खातून, मोहसिन खान, बसंती देवी, देवेन्द्र गुप्ता, रंजीता सिंहा, अबदुल सत्तार, शिव कुमार प्रजापति, कमली देवी, अनील कुमार राणा, कामदेव भुइयां, प्रतिमा देवी, सुदामा देवी उपस्थित थे

